जबलपुर सहित पूर्व क्षेत्र के कई जिलों में दिन-रात कभी भी गुल हो रही बिजली

सरप्लस बिजली के दावे के बीच अघोषित कटौती का झटका

आधे से एक घंटे तक कटौती, कंपनी ने नहीं बताया कारण और अवधि

हरिभूमि, जबलपुर।

प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं होने और सरप्लस बिजली होने के सरकारी दावों के बीच मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत आने वाले जिलों में अघोषित बिजली कटौती ने सवाल खड़े कर दिए हैं। बरसात पूरी तरह खत्म भी नहीं हुई और ग्रामीण क्षेत्रों में दिन हो या रात, कभी भी आधे से एक घंटे तक बिजली गुल होने का सिलसिला शुरू हो गया है। पिछले पांच-छह दिनों से जारी इस कटौती ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है।



सरप्लस बिजली फिर कटौती क्यों?

ऊर्जा मंत्री की ओर से प्रदेश में पर्याप्त बिजली उपलब्ध होने और दूसरे राज्यों को बिजली बेचने के दावे किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पूर्व क्षेत्र के ग्रामीण उपभोक्ताओं को अचानक बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि प्रदेश में बिजली सरप्लस है तो फिर बिना पूर्व सूचना बिजली क्यों काटी जा रही है? कंपनी की ओर से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि कटौती किस वजह से हो रही है और यह व्यवस्था कितने दिनों तक चलेगी।

ऊपर से आदेश आते ही गुल कर देते हैं बिजली-

सूत्रों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती के लिए कोई निर्धारित समय-सारिणी नहीं है। अधिकारियों के स्तर पर अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं। कहीं वर्षा की कमी का हवाला दिया जा रहा है तो कहीं बिजली की उपलब्धता में कमी को कटौती की वजह बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ऊपर से निर्देश मिलते ही संबंधित क्षेत्रों में सप्लाई बंद कर दी जाती है। इससे उपभोक्ताओं को यह तक पता नहीं होता कि अगले घंटे बिजली रहेगी या नहीं।

बिजली कंपनियों का भुगतान अटका, सप्लाई पर असर?

वहीं सूत्रों का दावा है कि मप्र जनरेशन कंपनी और विद्युत कंपनियों के बीच बिजली आपूर्ति को लेकर किए गए अनुबंधों के भुगतान से जुड़ा विवाद भी स्थिति को प्रभावित कर रहा है। भुगतान लंबित होने के कारण कुछ कंपनियों द्वारा बिजली आपूर्ति प्रभावित किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस संबंध में विद्युत कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। यदि आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ा तो ग्रामीण क्षेत्रों के बाद शहरी क्षेत्रों में भी कटौती की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

किसानों और ग्रामीण उपभोक्ताओं पर दोहरी मार

अघोषित कटौती का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिल रहा है। खेती, पेयजल आपूर्ति, छोटे उद्योग, दुकानों और घरेलू कामकाज पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। रात में बिजली बंद होने से ग्रामीण उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ जाती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि कटौती आवश्यक है तो कम से कम इसकी पूर्व सूचना और निर्धारित समय सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

कटौती हुई तो मुआवजा कौन देगा?

यदि बिजली कंपनियां निर्धारित आपूर्ति मानकों के अनुरूप बिजली उपलब्ध नहीं करा रही हैं और बार-बार या लंबे समय तक अनियोजित कटौती हो रही है, तो उपभोक्ता मुआवजे के हकदार हैं या नहीं, यह भी बड़ा सवाल है। उपभोक्ताओं को यह जानने का अधिकार है कि कटौती किस श्रेणी में की जा रही है. निर्धारित रखरखाव, आपात स्थिति या बिजली उपलब्धता में कमी के कारण। कंपनी को कटौती का कारण, अवधि और लागू उपभोक्ता अधिकार स्पष्ट करने चाहिए। अब देखना यह है कि बिजली कंपनी इस अघोषित कटौती पर कब तक चुप्पी साधे रहती है।

"जागरूकता रथ से घर-घर पहुंचेगा परिवार नियोजन का संदेश"

मेडिकल कॉलेज से छह दिवसीय अभियान का शुभारंभ

जबलपुर। परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने और गर्भनिरोधक इम्प्लांट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM), फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (FPAI) एवं UNFPA के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय इम्प्लांट जागरूकता रथ अभियान शुरू किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज से अभियान का शुभारंभ हुआ। मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती अर्चना सिंह एवं FPAI जबलपुर शाखा अध्यक्ष डॉ. श्रीमती मुक्ता भटेले के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. श्रीमती कीर्ति पटेल, FPAI कार्यकारिणी सदस्य डॉ. नमिता पाराशर एवं शाखा प्रबंधक रवि शरण गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रथ रवाना किया। डॉ. श्रीमती डॉली मरावी सहित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। पीएनसी वार्ड में नुक्कड़ नाटक के जरिए इम्प्लांट की उपयोगिता, प्रभावशीलता, प्रक्रिया और सावधानियों की जानकारी दी गई। इसके बाद रथ बाजनामठ बस्ती और सगढ़ा पहुंचा, जहां समुदाय से संवाद कर परिवार नियोजन के विकल्पों की जानकारी दी गई। अभियान का उद्देश्य भ्रांतियां दूर कर लोगों को उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं से जोड़ना है।



जिला कोर्ट में अधिवक्ताओं के बीच विवाद

पांच हजार रुपये लेने का आरोप, जातिगत टिप्पणी और धमकी देने का भी आरोप

जबलपुर। जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के बीच विवाद का मामला सामने आया है। जिला अधिवक्ता संघ ने एक आवेदन थाना प्रभारी ओमती को भेजकर मामले में नियमानुसार कार्रवाई का आग्रह किया है। संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने आठ अक्टूबर को आवेदन अग्रेषित किया। आवेदन के अनुसार अधिवक्ता रोहित चढ़ार अपने सहयोगी अधिवक्ताओं रोहित ठाकुर और हर्षित गुप्ता के साथ अधिवक्ता सचिन गुप्ता के कक्ष में मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान अधिवक्ता सत्येन्द्र पांडे और दीपक पटेल वहां पहुंचे और दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। शिकायत में अभद्र भाषा के प्रयोग, धमकी देने, मारपीट तथा रोहित चढ़ार के पास मौजूद पांच हजार रुपये जबरन ले लेने का आरोप लगाया गया है। साथ ही जातिसूचक टिप्पणी किए जाने का भी आरोप है। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित अधिवक्ताओं के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। संघ ने आवेदन आवश्यक कार्रवाई के लिए ओमती थाने भेज दिया है। पुलिस कार्रवाई और जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

शनिश्चरी अमावस्या पर कल शनिदेव मंदिर में विशेष पूजन, अभिषेक व 56 भोग, होगा भंडारा

जबलपुर। आश्विन मास की अमावस्या शनिवार, 10 अक्टूबर को पड़ने से इस बार शनिश्चरी अमावस्या एवं सर्व पितृ अमावस्या का विशेष संयोग बन रहा है। इस अवसर पर तिलवारा घाट स्थित प्राचीन श्री शनिदेव मंदिर, शनिधाम में भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। मंदिर में विशेष पूजन, शनिदेव का अभिषेक, पुष्प श्रृंगार, 56 भोग, दिव्य आरती एवं भंडारे का आयोजन होगा। पं. सतीश महाराज ने बताया कि शनिश्चरी अमावस्या पर शनिदेव की पूजा, तेलाभिषेक, दीपदान एवं दान-पुण्य का विशेष महत्व है। वहीं सर्व पितृ अमावस्या पितरों के तर्पण और स्मरण का अंतिम अवसर माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु नर्मदा स्नान कर पितरों का तर्पण एवं शनिदेव का पूजन कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना करेंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर पूजन-अर्चन एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर पं. अनिल मिश्रा, शुभम तिवारी, नितिन शर्मा, संजय तिवारी, सचिन बुधौलिया, गौरव सेनी, अरविंद अग्रवाल सहित आयोजन समिति के अनेक सदस्य व्यवस्थाओं में सहयोग करेंगे।



दीक्षांत समारोह में संदेश जैन को मिली पीएचडी की उपाधि

आचार्य विद्यासागर जी महाराज के आर्थिक दर्शन पर किया शोध

जबलपुर। एकलव्य विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में संदेश जैन को 'आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम' विषय पर शोध के लिए पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आर्थिक दर्शन एवं वर्तमान भारत के संदर्भ में उनके चिंतन की प्रासंगिकता पर केंद्रित रहा। शोध के माध्यम से डॉ. संदेश जैन ने आचार्य श्री के आर्थिक विचारों और आत्मनिर्भरता की दृष्टि का समकालीन भारत के संदर्भ में अध्ययन किया। पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त होने पर उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद को समर्पित किया। इस उपलब्धि पर परिजनों, शुभचिंतकों एवं परिचितों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।





स्काउट एंड गाइड में कृति उरमलिया ने बढ़ाया कृषि विवि का गौरव

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर की कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय की छात्रा कृति उरमलिया को स्काउट एंड गाइड का राज्य स्तरीय सर्वोच्च सम्मान 'गवर्नर अवार्ड' प्रदान किया गया। एक समारोह में महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक अशोक रोहाणी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कृति को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। कृति की इस उपलब्धि ने कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के साथ-साथ पूरे जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कृति को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

हाईकोर्ट ने निरस्त कीं 14 याचिकाएं, पेंशन 60 साल की उम्र के आधार पर

स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों को 62 साल तक सेवा का अधिकार नहीं

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग वाली 14 याचिकाएं निरस्त कर दी हैं। मुख्य मामले में लोक शिक्षण संचालनालय के तत्कालीन उप संचालक शेखर चंद्र वर्मा की याचिका भी शामिल थी। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि केवल स्कूल शिक्षा विभाग में प्रशासनिक पद पर कार्य करने या पूर्व में अध्यापन कार्य करने से किसी कर्मचारी को 62 वर्ष की सेवानिवृत्ति का अधिकार नहीं मिल जाता। इसके लिए संबंधित कर्मचारी का शैक्षणिक संवर्ग में होना और नियमों में निर्धारित अर्हताएं पूरी करना आवश्यक है।



कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन कर्मचारियों ने पूर्व में शैक्षणिक सेवा की है, लेकिन निर्धारित 20 वर्ष की अर्हकारी शैक्षणिक सेवा पूरी नहीं की, वे भी 62 वर्ष की आयु तक सेवा का दावा नहीं कर सकते। प्रशासनिक पद पर नई नियुक्ति के बाद पुराने शैक्षणिक पद पर लियन समाप्त होने की स्थिति में बाद की सेवा को शैक्षणिक सेवा नहीं माना जाएगा। हालांकि अंतरिम आदेश के कारण 60 वर्ष की आयु के बाद सेवा में रहे कर्मचारियों से उस अवधि का वेतन वसूला नहीं जाएगा। लेकिन उनकी पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों की गणना 60 वर्ष की आयु को आधार मानकर की जाएगी।

हाईकोर्ट ने निरस्त की एनएचएम की अपील

मेरिट में अगले अभ्यर्थियों को नियुक्ति के निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) की अपील निरस्त करते हुए मेरिट सूची में अगले स्थान पर रहे अभ्यर्थियों को संविदा आधार पर नियुक्ति देने का आदेश बरकरार रखा है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने यह आदेश पारित किया। एनएचएम ने 2023-24 में 92 आप्थेल्मिक असिस्टेंट के संविदा पदों के लिए भर्ती निकाली थी। याचिकाकर्ताओं जबलपुर निवासी कमलेश साहू व सतना निवासी शुभम तिवारी की ओर से अपील का विरोध किया गया। दलील दी गई कि याचिकाकर्ताओं ने मेरिट में 25 वीं और 59 वीं रैंक हासिल की थी, लेकिन उनसे ऊपर चयनित कुछ अभ्यर्थियों के पदभार ग्रहण नहीं करने के बावजूद उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई। हाईकोर्ट ने पूर्व में विज्ञापन की शर्त 9 (ई) के आधार पर नियुक्ति के निर्देश दिए थे। अपील में एनएचएम ने नियमित भर्ती शुरू होने और मेरिट सूची की वैधता समाप्त होने का तर्क दिया। डिवीजन बेंच ने कहा कि शर्त 9 (ई) के अनुसार चयनित अभ्यर्थी के 15 दिन में पदभार ग्रहण नहीं करने पर मेरिट में अगले अभ्यर्थी को नियुक्ति दी जानी थी। कोर्ट ने कहा कि इस शर्त से अभ्यर्थियों के मन में नियुक्ति की वैध अपेक्षा बनी थी।

अपराध पर सख्ती, नवरात्रि में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

पुलिस कप्तान ने ली अपराध समीक्षा बैठक, लंबित गंभीर मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

जबलपुर। नवरात्रि और दशहरा पर्व के मद्देनजर शहर की कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक लेकर लंबित गंभीर अपराधों, महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड और आगामी धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस की कार्रवाई निष्पक्ष हो और आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव, जबकि असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ नजर आना चाहिए।



हत्या, लूट और अपहरण के मामलों पर विशेष फोकस

बैठक में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी, एससी-एसटी एक्ट और महिला संबंधी अपराधों की थानावार समीक्षा की गई। कप्तान उपाध्याय ने लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गई संपत्ति की बरामदगी के निर्देश दिए। अपहृत नाबालिगों की दस्तयाबी के लिए हरसंभव प्रयास करने तथा जिले से बाहर होने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम रवाना करने को कहा।

महिला संबंधी, सीएम हेल्पलाइन पर जोर

सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों और जनसुनवाई की शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश भी दिए गए। महिला संबंधी मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए तत्काल कार्रवाई और समय पर चालान पेश करने पर जोर दिया गया।

साइबर पीड़ितों को गोल्डन ऑवर में मिले मदद

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी थानों में संचालित साइबर हेल्प डेस्क को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड और अन्य ऑनलाइन अपराधों में पीड़ित को तत्काल राहत दिलाने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने को कहा गया। गुम मोबाइल की शिकायतों पर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई कर मोबाइल वापस दिलाने के निर्देश दिए गए।

पंडालों की जिम्मेदारी बीट स्तर तक

नवरात्रि को लेकर एसपी ने थाना प्रभारियों से गरबा, चल समारोह और भंडारे की जानकारी ली। पारंपरिक स्थान और निर्धारित मार्ग से ही प्रतिमाओं एवं जुलूसों के आयोजन के निर्देश दिए गए। संवेदनशील क्षेत्रों में फिक्स पिकेट लगाने तथा आयोजकों, डीजे, लाइट संचालकों और समितियों के साथ बैठक करने को कहा गया।

सुरक्षा में नहीं हो चूक

पंडालों से आवागमन बाधित न हो, इसके साथ अग्निशमन यंत्र, रेत की बाल्टियां, सीसीटीवी और चौबीसों घंटे दो वालेंटियर की मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बिजली के कटे-फटे तारों का उपयोग नहीं करने तथा आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता खुला रखने को कहा गया। विसर्जन स्थलों पर होमगार्ड और स्थानीय तैराकों की मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

हर घंटे होगी पंडालों की निगरानी

प्रत्येक प्रतिमा की जिम्मेदारी संबंधित आरक्षक, प्रधान आरक्षक, एएसआई या बीट प्रभारी को सौंपी जाएगी। रात्रि एवं प्रभात गश्त अधिकारी हर घंटे पंडालों की जांच कर रजिस्टर में हस्ताक्षर करेंगे। विवाद वाले पक्षों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और फाइनल बाउंड ओवर की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए।

शांति और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

कप्तान उपाध्याय ने कहा कि छोटी से छोटी घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचे। शांति और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर एएसपी सिटी आयुष जाखड़, एएसपी मनीष भारद्वाज, एएसपी जोन-4 अंजना तिवारी, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी, एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह समेत जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित रहे।



खेलों से चुनौतियों का सामना करने में होती है आसानी: डॉ. अभिलाष पांडे

जबलपुर। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का एमएलबी स्कूल खेल परिसर में रंगारंग समापन हुआ। 5 से 8 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में जूडो के 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक-बालिका तथा गतका के 17 एवं 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग के मुकाबले हुए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडे एवं विशिष्ट अतिथि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग घनश्याम सोनी रहे। डॉ. पांडे ने कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ व्यक्तित्व विकास, आत्मबल, अनुशासन एवं एकाग्रता बढ़ाते हैं और जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग ओवरऑल चैंपियन रहा। जूडो 19 वर्ष बालिका वर्ग में जबलपुर संभाग विजेता तथा 14 वर्ष बालिका वर्ग में उपविजेता रहा। गतका 17 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर और 17 वर्ष बालिका वर्ग में उज्जैन विजेता रहे। प्रतियोगिता में नौ संभागों के करीब 700 खिलाड़ी एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

गोविंदगंज रामलीला की राम बारात आज

जुलूस मार्ग में उत्साह, निवाड़गंज में बनेगा जनवासा

जबलपुर।

गोविंदगंज रामलीला की 162वीं श्रीराम बारात आज शुक्रवार शाम धूमधाम और श्रद्धामय वातावरण में निकाली जाएगी। अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि श्रीरामबारात शायं सात बजे रामलीला प्रांगण से प्रारंभ होगी।

उत्तर मध्य के विधायक अभिलाष पांडे सहित नगर के जनप्रतिनिधि और विशिष्ठजन भगवान की पूजन-अर्चन कर बारात में शामिल होंगे। बारात में गुरुवर विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण, महाराज दशरथ के साथ भरत-शत्रुघन सहित कई धर्ममयी झांकि यां शामिल होंगी। बारात रामलीला भवन से गुड़हाई, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, पांडे चौक, बल्देवबाग, चेरीताल, गोपालबाग, दमोह नाका होते हुए वापस रामलीला प्रांगण में संपन्न होगी।

निवाड़गंज में जनवासा

श्री तिवारी ने बताया कि परंपरा अनुसार पंचकोषी मंदिर निवाड़गंज में भगवान की बारात का जनवासा रहेगा। यहां की व्यवस्था नगर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, संजय गोस्वामी सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी। जनवासे में दूल्हा बने श्रीराम सहित चारों भाइयों और अन्य बारातियों का स्वागत किया जाएगा। श्री तिवारी ने बताया कि बारात का रास्ते भर स्वागत होगा। उन्होंने यात्रा मार्ग के समस्त प्रतिष्ठान, आसाव में तोरण द्वार लगा प्रभु की अगवानी करने की अपील की है।

धनुष टूटते ही हुआ उत्सव का माहौल

इससे पूर्व गुरुशुक्रवार की रात भगवान ने शिव धनुष का भंजन कर जनकजी का संपात हरा। फलस्वरूप माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला डाली। रामलीला में आज जनक के रूप में सौरभ पटेरया, रावण के रूप में पवन पांडे, बाणासुर के रूप में मोनू चौबे, परशुराम के रूप में पलाश पाठक ने शानदार अभिनय किया। लक्ष्मण जी के अभिनय कर्ता मानस पांडे ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

गढ़ा रामलीला के सिद्ध मंच पर गूंजा जय श्रीराम

देवर्षि नारद के श्राप को सत्य करने नर रूप में अवतरित हुए नारायण

जबलपुर।



संस्कारधानी जबलपुर की ऐतिहासिक गढ़ा रामलीला के सिद्ध मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मानव लीला का भव्य मंचन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में किया गया। रामलीला मैदान में आयोजित लीला का शुभारंभ भगवान गणेश एवं भगवान विष्णु की आरती के साथ हुआ। इसके बाद नारद मोह प्रसंग के अंतर्गत देवर्षि नारद के श्राप को सत्य करने तथा जगत के कल्याण के लिए परब्रह्म परमात्मा के नर रूप में अवतार लेने की लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। अयोध्या के महाराज दशरथ के राजमहल में भगवान विष्णु अपनी दिव्य शक्तियों सहित श्रीराम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न के रूप में अवतरित हुए। जैसे ही प्रभु श्रीराम के जन्म का दृश्य मंच पर साकार हुआ, पूरा रामलीला परिसर 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति और उत्साह में सराबोर नजर आए।

राम जन्मोत्सव के अवसर पर पारंपरिक शोहरी गायन, आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण किया गया। श्रद्धालुओं एवं रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को राम जन्म की बधाइयां दीं और संस्कारधानी जबलपुर के सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। लीला के अगले प्रसंग में ऋषि-मुनियों के यज्ञ, जप और तप में राक्षसों द्वारा डाले जा रहे विघ्न का मार्मिक चित्रण किया गया। त्रिकालदर्शी महर्षि विश्वामित्र को जब ज्ञात हुआ कि स्वयं नारायण महाराज दशरथ के यहां नर रूप में अवतरित हो चुके हैं, तो वे अयोध्या पहुंचे और महाराज दशरथ से राम एवं लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने का आग्रह किया। रामलीला समिति के अनुसार 8 अक्टूबर 2026, गुरुवार को सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, पंडा प्रसंग, नगर भ्रमण एवं पुष्प वाटिका की मनोहारी लीलाओं का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर रामलीला समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित सहित लोकराम कोरी, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, हरीश मनोध्याय, सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी, सदस्य एवं पात्र प्रतिनिधि राजा पांडे उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश विधानसभा पर बनी फिल्म, मिलेगी संपूर्ण जानकारी

विस की भूमिका समझाएगी लघु फिल्म

जबलपुर। मप्र के गठन के उपरांत हमारी विस ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, जनप्रतिनिधित्व और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विधायिका की भूमिका क्या है, उसके प्रमुख कार्य क्या हैं, लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका की आवश्यकता क्यों है तथा वर्ष 1956 में गठित मप्रविधानसभा से लेकर आज तक की इसकी गौरवपूर्ण यात्रा कैसी रही है-इन सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को इस लघु फिल्म के माध्यम से संक्षिप्त एवं प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म में मध्यप्रदेश विधानसभा के इतिहास, उसकी कार्यप्रणाली, सदन की गरिमा और लोकतांत्रिक परंपराओं के साथ-साथ वर्तमान 16वीं विधानसभा के प्रमुख पदाधिकारियों का भी परिचय प्रस्तुत किया गया है। इनमें मप्र विस के अध्यक्ष, नरेंद्र तोमर, सदन के नेता एवं सीएम तथा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार प्रमुख हैं। मप्र विस के अध्यक्ष, नरेंद्र सिंह तोमर, देश और प्रदेश के अत्यंत अनुभवी एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों में शामिल हैं। उनके मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश विधानसभा की संसदीय परंपराओं, मर्यादाओं और गरिमा को बनाए रखते हुए सदन का संचालन किया जा रहा है। यह लगभग 7 मिनट की लघु फिल्म केवल विधानसभा के इतिहास का परिचय ही नहीं कराती, बल्कि नई पीढ़ी, विशेषकर युवाओं को लोकतंत्र, विधायिका और विधानसभा की भूमिका को समझने का एक सरल एवं प्रभावी माध्यम भी प्रदान करती है।

कुकिंग-बेकिंग प्रशिक्षण से मिला रोजगार और स्वरोजगार का हुनर



बरेला। पं. राम शंकर बन्नीलाल पाठक शासकीय महाविद्यालय बरेला में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित कुकिंग एवं बेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं विशिष्ट अतिथि संभागीय मार्गदर्शक प्रो. अरुण शुक्ल रहे। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि पारंपरिक शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल का विकास विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण है। प्रो. शुक्ल ने प्रशिक्षणार्थियों को लगन, निष्ठा और निरंतर अभ्यास से कौशल में दक्षता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं उद्यमिता की भावना विकसित करते हैं। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ऋतु श्रीवास्तव के निर्देशन में श्रीमती सीमा शुक्ला एवं कुमारी आयुषी गुप्ता ने विभिन्न व्यंजन एवं बेकरी उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षणार्थियों ने अनुभव साझा करते हुए इसे रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए उपयोगी बताया। समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। आभार डॉ. अजीत राय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



पमरे महाप्रबंधक ने सतना–देवेन्द्र नगर रेलखंड का किया निरीक्षण

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सतना-देवेन्द्र नगर रेलखंड का निरीक्षण कर न्यू कमीशनिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बरेठिया, फुलवारी, नागोद एवं देवेन्द्र नगर स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति और शेष कार्यों की जानकारी ली। महाप्रबंधक ने स्टेशनों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप यात्री सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को प्राथमिकता देते हुए कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बरेठिया एवं सकरिया में प्रस्तावित गुड्स शेड से माल लदान शुरू करने को लेकर क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान आवश्यक अधोसंरचना और माल लदान की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने रेलखंड के विकास के साथ यात्री सुविधाओं और माल परिवहन संबंधी अधोसंरचना को मजबूत करने तथा कार्यों की निरंतर निगरानी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर महाप्रबंधक सहित पश्चिम मध्य रेल एवं जबलपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

वनमाली सप्रे स्मृति संगीत समारोह शनिवार को

जबलपुर



शास्त्रीय संगीत के संवर्धन, उन्नयन एवं जागरूकता के उद्देश्य से वनमाली सप्रे स्मृति संगीत महोत्सव (तृतीय वर्ष) का आयोजन शनिवार, 10 अक्टूबर को शहीद स्मारक सभागृह में शाम 6:30 बजे से किया जाएगा। सप्रे परिवार के प्रो. अखिलेश सप्रे ने बताया कि यह आयोजन आर्ट हब संस्था के सहयोग से आयोजित हो रहा है। समारोह में कोलकाता के विख्यात सितार वादक श्री असीम चौधरी सितार वादन प्रस्तुत करेंगे, जबकि उनके साथ मुंबई के श्री यशवंत वैष्णव संगत करेंगे। पुणे के प्रसिद्ध पखावज वादक श्री कृष्णा सालुंके अपनी प्रस्तुति देंगे। पखावज संगत के लिए श्री यशवंत थिटे तथा हार्मोनियम संगत के लिए पुणे से कलाकार उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि यह संगीत समारोह लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहा है और संस्कारधानी के संगीतप्रेमियों के बीच विशेष लोकप्रियता हासिल कर चुका है। वनमाली सप्रे, उनकी पत्नी पद्मजा सप्रे, पुत्र प्रो. अखिलेश सप्रे एवं तीनों पुत्रियां संगीत के प्रति विशेष अनुराग रखते हैं तथा शास्त्रीय संगीत को प्रोत्साहित करने के लिए संगीतप्रेमियों को निःशुल्क सलाह एवं प्रशिक्षण भी देते हैं। सप्रे परिवार ने शहर के संगीतप्रेमियों से निःशुल्क समारोह में शामिल होकर शास्त्रीय संगीत का आनंद लेने का आग्रह किया है।

दिव्यांग क्रीड़ा उत्सव दिव्य शक्ति का प्रतीक : राकेश सिंह



जबलपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत शहीद स्मारक, गोलबाजार स्थित क्रिकेट मैदान में दिव्यांगजनों के लिए विशेष क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी एवं अभिलाष पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। राकेश सिंह ने कहा कि दिव्यांग क्रीड़ा उत्सव दिव्य शक्ति का प्रतीक है। खेल आत्मविश्वास, अनुशासन और संघर्ष की भावना बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी शारीरिक सीमा की मोहताज नहीं होती, आवश्यकता अवसर और प्रोत्साहन की है। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ सहभागिता कर यह संदेश दिया कि शारीरिक चुनौतियां लक्ष्य प्राप्ति में बाधा नहीं बन सकतीं। कार्यक्रम में दिव्यांग खिलाड़ियों ने योग एवं नृत्य की प्रस्तुतियां भी दीं। प्रमोद नायर ने सांकेतिक भाषा में आभार व्यक्त किया।

पीएम सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण शुरू



जबलपुर। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के नयागांव, जबलपुर स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान (CTI) में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। टाटा पॉवर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (TPSDI) के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण में कंपनी के कर्मचारियों को योजना से जुड़े तकनीकी, व्यावहारिक एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अभियंता (ज.क्षे.) एवं मुख्य महाप्रबंधक (प्रशिक्षण) श्री एस. के. गिरिया तथा उप प्रबंधक श्री के. बी. थापा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। श्री गिरिया ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मैदानी कर्मचारियों को सौर ऊर्जा एवं योजना की बारीकियों का प्रशिक्षण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को 10 बैच (A से J) में चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य योजना का सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित कर अधिकाधिक पात्र उपभोक्ताओं तक इसका लाभ पहुंचाना है।

श्रीराम महाविद्यालय में पोस्टर, स्टोन मेकिंग, फोटोग्राफी और मेहंदी प्रतियोगिताओं आयोजित

जबलपुर। श्रीराम महाविद्यालय, माढ़ोताल में वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत 7 अक्टूबर को विद्यार्थियों में वन्य जीवों एवं जैव विविधता के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर निर्माण, स्टोन मेकिंग, वन्य जीव फोटोग्राफी एवं मेहंदी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्राचार्य डॉ. भरत सोलंकी ने विद्यार्थियों को रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उप प्राचार्य डॉ. श्रीकांता अवस्थी ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्य जीव संरक्षण एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। पोस्टर में भूमि दुबे, प्रथम प्रजापति एवं सोविया पटेल, स्टोन मेकिंग में वैशनवी सोनी, निखिल मिश्रा एवं प्रियंका परत, फोटोग्राफी में स्नेहा चौधरी, आर्यन नामदेव एवं गौरी पटेल तथा मेहंदी में सुहानी सिंह, योगेश्वरी लोधी एवं अर्पिता बर्मन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन डॉ. वर्षा दुबे के निर्देशन में हुआ।



लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

सिहोरा। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव के निर्देशन में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन सोनी एवं ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं इंडिया ब्लॉक के सांसदों के साथ कथित दुर्व्यवहार और लाठीचार्ज के विरोध में काला दिवस मनाया गया। रेस्ट हाउस के समीप आयोजित सभा की अध्यक्षता प्रकाश कुरारिया ने की। संचालन अनुराग तिवारी ने किया। सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में काली पट्टी बांधकर नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्र पति के नाम ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं के साथ इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है। कार्यक्रम में अमोल चौरसिया, जितेन्द्र श्रीवास्तव, संदीप व्यौहार, राजेश चौबे, सुनील तिवारी, घनश्याम बड़गैया, मंसूर मंसूरी, आलोक पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहीद सैनिकों के परिजनों और पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान

वीर सैनिकों का त्याग सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा : बरकड़े



सिहोरा। भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण द्वारा सेवा समर्पण अभियान के अंतर्गत रुक्मणि पैलेस में जिला स्तरीय शहीद सैनिकों के परिजनों एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल के निर्देशन में हुआ। विधायक संतोष बरकड़े, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, जिला प्रभारी अभिषेक सिंह हरि सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। विधायक बरकड़े ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सैनिकों का त्याग और शौर्य सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके परिवारों और पूर्व सैनिकों का सम्मान करना समाज का दायित्व है। समारोह में आनरेरी कैप्टन विजय कुमार मिश्रा, हवलदार उजयार लाल (सेना मेडल), वीर नारी ज्योति तिवारी एवं वीर नारी संगीता अश्विनी पटेल सहित तीन दर्जन से अधिक शहीद सैनिकों के परिजनों एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। पी.वी. संजय, अजय खरतिया, बसंत बिलैया एवं बबलू सोनी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री जीवन लाल प्रजापति- मड़ई व्हीकल निवासी श्री जीवन लाल प्रजापति (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री श्याम सुंदर पंजवानी- सिंगल क्वाटर चांदमारी रोड लालमाटी निवासी श्री श्याम सुंदर पंजवानी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती श्यामा बाई जायसवाल- प्रेमनगर मदनमहल गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री रामजीवन जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई जायसवाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मुन्नी बाई दाहिया- सिद्धबाबा वार्ड रामलीला मैदान के पास निवासी श्री सिया शरण दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई दाहिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री बाबू लाल गुप्ता- महावीर कम्पाउंड सदर निवासी श्री बाबू लाल गुप्ता (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कैलाश कनौजिया- सिद्धबाबा वार्ड चाचा किराना के पास निवासी श्री कैलाश कनौजिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री तीरथ प्रसाद डागौर- एमईएस कॉलोनी रिज रोड केंट निवासी श्री तीरथ प्रसाद डागौर (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दिनेश चौधरी- कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री दिनेश चौधरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री मोती लाल- गौतम मढिया पास गढ़ा निवासी श्री मोती लाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रेणुका पिल्ले- मॉडल टाउन बिलहरी निवासी श्री विनय पिल्ले की धर्मपत्नी श्रीमती रेणुका पिल्ले (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रामचरण चौधरी- बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री रामचरण चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री विष्णु कनौजिया- लिया कम्पाउंड सदर निवासी श्री विष्णु कनौजिया (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अखिलेश रैकवार- सिंधी कैंप चौथ वाले बाबा के पास निवासी श्री अखिलेश रैकवार (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

नाम सुधार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं अंकित द्विवेदी (ANKIT DWIVEDI) पिता श्री राजकुमार द्विवेदी, उम्र 29 वर्ष, निवासी शक्ति नगर, गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, गुप्तेश्वर, थाना गोरखपुर, जबलपुर म.प्र. का स्थाई निवासी हूँ। यह कि, मेरी कक्षा दसवी एवं बारहवी की अंकसूची में मेरा नाम त्रुटिवश अंकित कुमार पिता राजकुमार दर्ज हो गया था। जबकि मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम अंकित द्विवेदी (ANKIT DWIVEDI) दर्ज है जो कि सही है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक से मेरे सही नाम अंकित द्विवेदी (ANKIT DWIVEDI) पिता राजकुमार द्विवेदी नाम से मुझे पढा, लिखा, जाना व पहचाना जावे एवं आगामी शासकीय दस्तावेजो में भी मेरा नाम अंकित द्विवेदी (ANKIT DWIVEDI) दर्ज किया जावें

शपथकर्ता

नाम सुधार सूचना

मैं विकास कुमार अग्रवाल पिता श्री रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल निवासी- म.. नं 201, वार्ड नं. 14, शिवाजी वार्ड, पाटन, जिला जबलपुर, म.प्र. 483113 शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरा पासपोर्ट 10 वी की मार्कशीट में मेरा नाम विकास कुमार अग्रवाल पिता श्री रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल नाम दर्ज है। एवं आधार कार्ड पेन कार्ड में एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम विकास अग्रवाल नाम दर्ज है। अतः मेरे सभी दस्तावेजो में विकास कुमार अग्रवाल के स्थान पर विकास अग्रवाल दर्ज किया जावे एवं पहचाना जावे।

गलत नाम - विकास कुमार अग्रवाल
पिता श्री रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल
सही नाम - विकास अग्रवाल
पिता श्री रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल

नाम परिवर्तन सूचना

I, KUMARI JYOTI is legally WIFE of ARMY NO-15704805N, Rank - HAV, Name-SANTOSH KUMAR presently residing at Vill-SISHUDANGI, NEAR PANCHANAI, POST- MATIGARA, Teh - SILIGURI, Distt - DARJEELING, State-WEST BENGAL, PIN- 734010, शपथपूर्वक नि लि कथन करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम JYOTI DEVI दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम KUMARI JYOTI दर्ज है। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र न 38AA850478 दिनांक 08-10-26 नोटरी जबलपुर म प्र।
गलत नाम- JYOTI DEVI
सही नाम- KUMARI JYOTI

नाम परिवर्तन एंव जन्मतिथि सूचना

I, RANGUBAI HARIBHAU SHIRSATH is legally Mother of ARMY NO- 15729748H, Rank- HAV, Name-SHIRSATH SANDIP HARIBHAU presently residing at Vill-RAHURI, POST-RAHURI, Teh - RAHURI, Distt- AHILYANAGAR, State - MAHARASHTRA, PIN - 413705. शपथपूर्वक नि लि कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि RANGUBAI / 01-06-1963 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि RANGUBAI HARIBHAU SHIRSATH / 01-01-1962 दर्ज है। जो कि सही है मेरे नाम एंव जन्मतिथि को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र न 38AA 850480 दिनांक 08-10-26 नोटरी जबलपुर म प्र।
गलत नाम एंव जन्मतिथि- RANGUBAI
जन्मतिथि - 01-06-1963
सही नाम एंव जन्मतिथि-
RANGUBAI HARIBHAU SHIRSATH
जन्मतिथि - 01-01-1962

नाम परिवर्तन सूचना

, I, HARIBHAU DAGDU SHIRSATH is legally FATHER of ARMY NO-15729748H, Rank- HAV, Name-SHIRSATH SANDIP HARIBHAU presently residing at Vill-RAHURI, POST- RAHURI, Teh-RAHURI, Distt-AHILYANAGAR, State-MAHARASHTRA, PIN-413705, शपथपूर्वक नि लि कथन करता हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम SHIRSATH HARIBHAU DAGADU दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम HARIBHAU DAGDU SHIRSATH दर्ज है। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र न 38AA850479 दिनांक 08-10-26 नोटरी जबलपुर म प्र।
गलत नाम
SHIRSATH HARIBHAU DAGADU
सही नाम
HARIBHAU DAGDU SHIRSATH

CHANGE OF NAME

I, WAS KNOWN AS MANDEEP KAUR MAAN AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH 1,SHALL BE KNOWN AS MANDEEP KAUR W/O HARMEET SINGH SABBARWAL RESIDENT - OF H.NO. 110, NEAR HOME GUARD TRAINING CENTER KHAMARIYA, NEAR GOKULNAGARI, JABALPUR (M. P.) 482005.

कार्यालय ग्राम पंचायत गोसलपुर
आम सूचना

सभी ग्राम वासियों को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत गोसलपुर द्वारा बस स्टैंड के पास बनाई गई 05 दुकानों की खुली नीलामी की जाना है जिसमें आरक्षण प्रथम तल में ST -01 SC-01 OBC 01 एवं नीचे की 02 दुकान सामान्य केटेगरी की रहेगी। इन दुकानों की नीलामी दिनांक 22/10/2026 को 11:00 से ग्राम पंचायत भवन में की जाएगी। जिन भी प्रतिभागियों को हिस्सा लेना है। वह ग्राम पंचायत को पूर्व में सूचित कर दें। बोली लगाने हेतु रू 100000 की अमानत राशि होगी जो की आपको पूर्व में जमा करनी होगी। अधिक नियम एवं शर्तें जानने के लिए आप ग्राम पंचायत से संपर्क कर सकते हैं। नीलामी में सिर्फ ग्राम पंचायत गोसलपुर के निवासी ही भाग ले सकते है। (सभी राशि को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करना होगा)

आदेशानुसार
श्रीमती गिरिजा जितेन्द्र पालीवाल
सरपंच

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/एम/166/2026-27
दिनांक:- 07/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमेश ठाकुर पिता श्री राम भजन ठाकुर 2. श्रीमति मोनालिसा मिश्रा पति उमेश ठाकुर पिता श्री अनिल कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अंवती बाई के भवन क्रमांक पी-1 का भाग ख.नं. 313/1 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000381092 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1047 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 800 वर्गफुट प्रथम तल 800 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दान पत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनाम के आधार पर निगम में दर्ज श्री मनजीत सिंह महदेले पिता रंजीत सिंह महदेले का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/एम/156/2026-27
दिनांक:- 08/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कल्पना विश्वकर्मा पति श्री अनिरूद्ध प्रसाद 2 अनिरूद्ध विश्वकर्मा पिता मोतीलाल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 2972 शंकर मंदिर भीटा समपति के पिन क्रमांक 1000390128 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1000 वर्गफुट प्रथमतल 1000 वर्गफुट आरसीसी त्यागपत्र रिलीज डीड के आधार पर निगम में दर्ज श्री नरबद बाई विश्वकर्मा पिता/पति मोतीलाल विश्वकर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

परिंदा जो क्रांतिवीर बना, पद्मश्री समेत मिले कई अवॉर्ड

नाना की वो फिल्में, जिन्हें आज भी लोग करते हैं याद



मुंबई। कई दशकों तक भारतीय सिनेमा पर राज करने वाले दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपने फैंस को अलविदा कह गए। अभिनेता ने मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉलीवुड में कदम रखा। उन्होंने साल 1978 में फिल्म 'गमन' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद इन्होंने 'आज की आवाज', 'परिंदा' और 'एंगर' जैसी फिल्मों में काम किया। उन्हें शुरुआत में सबसे ज्यादा पहचान फिल्म 'अग्नि साक्षी' से मिली। नाना पाटेकर उन चुनिंदा अभिनेताओं में रहे जिन्हें अभिनय के लिए तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। इसमें परिंदा के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता, क्रांतिवीर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अग्निसाक्षी के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता। साल 2013 में उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।

मराठी फिल्मों में भी किया काम

लगभग पांच दशक लंबे अपने करियर में नाना पाटेकर ने कई तरह के रोल किए। वह सबसे कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर मशहूर थे। उन्होंने फिल्मों में खलनायक, विद्रोही, कॉमेडी और गंभीर भूमिकाएं निभाई हैं। बॉलीवुड के अलावा उन्होंने मराठी, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। मराठी में उनकी मशहूर फिल्में 'सिन्हासन', 'पक पक पकाक' और 'नटसम्राट' शामिल हैं।

परिंदा- 1989

नाना पाटेकर फिल्म 'परिंदा' उनकी सबसे कामयाब फिल्मों में से एक है। इसमें उन्होंने अन्ना नाम के एक खतरनाक और सनकीलड डॉन का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उन्हें बेहतरीन अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

तिरंगा- 1993

अभिनेता ने इसमें इंस्पेक्टर शिवाजीराव वाघले का किरदार निभाया था। यह किरदार बेहद दमदार और कड़क पुलिस अधिकारी का था। इसमें राज कुमार और ममता कुलकर्णी भी थे।

क्रांतिवीर- 1994

नाना पाटेकर को 'क्रांतिवीर' में बेहतरीन अदाकारी करने के लिए सर्वेश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इसमें उन्होंने प्रताप नारायण तिलक का किरदार निभाया है। वह समाज में फैली भ्रष्ट व्यवस्था, सांप्रदायिक नफरत और राजनीतिक ताकतों के खिलाफ आवाज उठाते हैं।

अग्नि साक्षी- 1996

इस फिल्म में अभिनेता ने विश्वनाथ का किदार



निभाया था। इसमें उन्होंने एक सनकी और हिंसक पति की भूमिका निभाई थी। इसमें मनीषा कोइराल और जैकी श्रॉफ थे। फिल्म में शानदार अभिनय करने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।

अब तक छप्पन- 2004

इस फिल्म में अभिनेता ने मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्क्वाड के अनुभवी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर साधु आगाशे का किरदार निभाया था। यह किरदार मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक से प्रेरित था।

अपहरण- 2005

नाना पाटेकर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में 'अपहरण' भी शामिल है। इसमें उन्होंने तब्रेज आलम का किरदार निभाया था। बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता ने एक शक्तिशाली और भ्रष्ट नेता के रूप में नजर आए थे।

वेलकम- 2007

कॉमेडी फिल्म 'वेलकम' में नाना पाटेकर ने उदय शंकर शेट्टी का किरदार निभाया था। इसमें वह एक खूंखार लेकिन मजाकिया अंडरवर्ल्ड डॉन बने थे। इसमें अक्षय कुमार, कट्रीना कैफ और परेश रावल भी थे।

राजनीति- 2010

प्रकाश झा के निर्देशन में बनी फिल्म 'राजनीति' में नाना पाटेकर ने बृज गोपाल का किरदार निभाया था। वह मुख्य राजनीतिक परिवार के मार्गदर्शक और सलाहकार की भूमिका में थे। इसमें कटरीना कैफ, रणबीर कपूर और अर्जुन रामपाल भी थे।

नटसम्राट- 2016

मराठी फिल्म 'नटसम्राट' में नाना पाटेकर ने गणपतराव 'अप्पा' बेलवलकर का किरदार निभाया था। इसमें उन्होंने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था जो कभी मशहूर नायक था। मगर बुढ़ापे में उन्हें परिवार की उपेक्षा और अकेलेपन का सामना करना पड़ता है।

वनवास- 2024

इस फिल्म में नाना पाटेकर ने दीपक त्यागी (प्रताप सिंघाना) नाम के एक बुजुर्ग व्यक्ति का किरदार निभाया था। यह किरदार भूलने की बीमारी से ग्रस्त होता है।

नाना की आखिरी फिल्म : नाना पाटकर की आखिरी फिल्म 'ओ रोमियो' थी। अभिनेता ने इसमें डीएसपी इस्माइल खान का किरदार निभाया था। उनका यह किरदार सख्त और तेजतर्रार पुलिस/इंटेलिजेंस अधिकारी का था। इसमें शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल थीं। 150 करोड़ की लागत से बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 123.10 करोड़ रुपए कमा सकी थी।

हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना



शाहरुख खान ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर भावुक श्रद्धांजलि दी है। नाना के साथ अपनी पुरानी तस्वीर साझा करते हुए शाहरुख ने उनके साथ पहली मुलाकात से लेकर उनकी दोस्ती, सीख और साथ बिताए पलों को याद किया। उन्होंने बताया कि नाना अक्सर उन्हें अभिनय को लेकर समझाते थे। उनकी सबसे यादगार बातों में से एक थी, 'हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना।' यही लाइन शाहरुख ने अपनी श्रद्धांजलि के अंत में भी दोहराई।

मैं भगवान को मार देना चाहता हूं



नाना पाटेकर के निधन की खबर सामने आने के बाद राम गोपाल वर्मा ने एक्स पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि हर कोई जानता है कि कोई भी इंसान अमर नहीं है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि नाना जैसे मजबूत शख्स इतनी अचानक इस दुनिया से चले गए। राम गोपाल वर्मा ने अपने पोस्ट में नाना की मौत को लेकर अपनी नाराजगी और बेबसी भी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि उन्हें नाना के दिल के फेल होने से नफरत है और ऐसा महसूस हो रहा है जैसे वह उस भगवान को मार देना चाहते हैं, जिसने अभिनय के भगवान नाना पाटेकर को उनसे छीन लिया।

बहुत याद आएंगे



अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने भी नाना पाटेकर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने संदेश में केवल नाना के कलाकार के रूप में योगदान और उनकी प्रतिभा को याद किया। उन्होंने लिखा कि एक महान अभिनेता, शानदार व्यक्तित्व और अभिनय कला के सच्चे दिग्गज के निधन से वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि फिल्मों में नाना का योगदान और अभिनय के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा।

वह एक बेहतरीन अभिनेता थे



रितेश देशमुख ने लिखा, 'मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि मैं कितना सदमे में हूं। ऐसा लग रहा है जैसे किसी ट्रक ने मुझे टक्कर मार दी हो। नाना पाटेकर जी के निधन की खबर सुनकर मैं बेहद दुखी हूं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती। अपनी अलग शैली और अभिनय के खास अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई। ऐसा कोई किरदार नहीं था, जिसे वह निभा न सकें। उन्होंने हर तरह के किरदार में खुद को साबित किया- चाहे वह एक बड़े पर्दे के हीरो का किरदार हो, डरावने विलेन का या फिर अपने शांत अंदाज वाली कॉमेडी का। वह पर्दे के बाहर भी एक हीरो थे।

जब परदे पर गरजे नाना, आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने डायलॉग बोलने का अंदाज भी लोगों को आता था काफी पसंद

नाना पाटेकर ने 'गमन' फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और 'ओ रोमियो' तक में काम किया। अभिनेता की सिर्फ फिल्में ही नहीं, बल्कि उनके डायलॉग्स भी काफी चर्चा में रहे। 'साला ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे'... नाना पाटेकर सिर्फ अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए नहीं जाने जाते थे। बल्कि, उनके बोलने का अंदाज भी लोगों को काफी पसंद आता था। यही वजह थी कि जब वह अपनी फिल्मों में किसी डायलॉग को बोलते थे, तो वह छा जाता था। अभिनेता ने कभी गुस्से में बोलकर तालियां बटोरीं, तो कभी एक साधारण-सी बात को अपने अंदाज से ऐसा बना दिया कि वह वर्षों तक याद रही। 'क्रांतिवीर' से लेकर 'वेलकम' तक उनके संवादों ने उनके किरदारों को अलग पहचान दी। खास बात यह रही कि नाना की संवाद अदायगी में अभिनय और वास्तविकता के बीच की दूरी लगभग खत्म हो जाती थी। आइए नजर डालते हैं उनके 10 ऐसे संवादों पर, जिनका असर फिल्मों के बाहर भी दिखाई दिया।

आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने

यह शायद नाना पाटेकर के कॅरियर का सबसे पहचाना जाने वाला संवाद है। 'क्रांतिवीर' के एक सीन में बोले गए इस डायलॉग में गुस्सा, चुनौती और व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह तीनों दिखाई देते हैं। नाना की आवाज और चेहरे के भाव ने इसे महज एक फिल्मी लाइन नहीं रहने दिया। आज भी यह डायलॉग उनके नाम के साथ सबसे पहले याद किया जाता है।

ये मुसलमान का खून, ये हिंदू का खून... बता इसमें मुसलमान का कौन सा, हिंदू का कौन सा?'

अभिनेता का दूसरा डायलॉग भी फिल्म 'क्रांतिवीर' से ही है। इसका असर सिर्फ सिनेमाई नहीं था। नाना का किरदार धर्म के नाम पर होने वाली हिंसा पर सीधा सवाल खड़ा करता है। सवाल बेहद सरल था, लेकिन उसकी ताकत इसी सादगी में थी। खून का रंग एक है तो इंसानों को धर्म के नाम पर अलग क्यों किया जाए? यह संवाद आज भी 'क्रांतिवीर' के सबसे प्रभावशाली दृश्यों में गिना जाता है।

सौ में से अस्सी बेईमान फिर भी मेरा भारत महान

यह डायलॉग व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर नाना के किरदार की नाराजगी को सामने रखता है। व्यंग्य के अंदाज में कही गई यह लाइन इतनी लोकप्रिय हुई कि लंबे समय तक भ्रष्ट व्यवस्था पर टिप्पणी करते समय इसे दोहराया जाता रहा। नाना की आवाज ने इस व्यंग्य को और धार दी।

एक मच्छर साला आदमी को हिजड़ा बना देता है

'यशवंत' का यह डायलॉग नाना की आक्रामक संवाद अदायगी का बेहतरीन उदाहरण है। लाइन के शब्द भले ही तीखे हों, लेकिन इसे लोकप्रिय बनाने में नाना की प्रस्तुति का बड़ा योगदान रहा। यह उन डायलॉग में शामिल हो गया, जिनका जिक्र नाना पाटेकर के नाम के साथ आज भी तुरंत होता है।

धंधे में कोई किसी का भाई नहीं होता

'परिंदा' में नाना ने अन्ना के किरदार में अपराध की दुनिया का निर्मम चेहरा दिखाया था। यह डायलॉग उस दुनिया के उसूल को बेहद सीधे शब्दों में सामने रखता है, जहां रिश्तों से ज्यादा मायने स्वार्थ और धंधे का होता है। इस भूमिका ने नाना को हिंदी सिनेमा के सबसे प्रभावशाली नेगेटिव किरदारों में जगह दिलाई।

टीवी मसाला



क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के स्लॉट पर आएगा अप्सरा

नई दिल्ली। स्टार प्लस के आइकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के ऑफ-एयर होने की खबर सामने आते ही टीवी गलियारों में हलचल तेज हो गई थी। लेकिन, अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर वो कौन सा शो है और क्या है उसका कॉन्सेप्ट, जो तुलसी और मिहिर विरानी के इस चर्चित पारिवारिक ड्रामे को रिप्लेस करने जा रहा है? 21 अक्टूबर से रात 10:30 बजे शुरू हो रहा नया सुपरनैचुरल फैंटेसी शो 'अप्सरा'टीवी के पारंपरिक दायरे को तोड़कर दर्शकों को एक ऐसी अलौकिक दुनिया में ले जाने वाला है, जिसकी कल्पना अब तक किसी शो में नहीं की गई थी। मुक्ता धोंड के प्रोडक्शन में बने इस शो की कहानी प्राचीन पौराणिक कथा 'समुद्र मंथन'के उस अनकहे हिस्से से शुरू होती है, जहां से अमृत कलश और अप्सराओं की उत्पत्ति हुई थी। शो का प्लॉट एक बेहद हैरान कर देने वाली कल्पना पर आधारित है। कलयुग के इस दौर में भी वह दिव्य अमृत कलश धरती पर ही मौजूद है, और स्वर्गलोक ने इस अमृत को बुरी ताकतों से सुरक्षित रखने का जिम्मा अप्सराओं के कुल को सौंपा हुआ है। ये अमृत अगर किसी गलत हाथ में चला गया, तो पूरी मानव सभ्यता का विनाश निश्चित है। आमतौर पर टीवी और फिल्मों में अप्सराओं को केवल सुंदरता, मोहक अदाओं और नृत्य के लिए दिखाया जाता रहा है।लेकिन शो में लीड रोल निभा रहीं समिक्षा जायसवाल (सुनहरी) इस रूढ़िवादी छवि को पूरी तरह तोड़ती नजर आएंगी। सुनहरी कोई ऐसी अप्सरा नहीं है जो किसी राजकुमार या नायक के आने का इंतजार करे, बल्कि वह खुद अपनी लड़ाई की नायक और एक निपुण योद्धा है। लेकिन, इस लड़ाई में सबसे बड़ा मोड़ और दर्द तब आता है, जब अमृत कलश पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली कोई और नहीं, बल्कि उसकी अपनी सगी बहन धारा (अनुष्का मर्चेंडे) बन जाती है। अपनों के प्रति प्यार और अमृत की रक्षा के कर्तव्य के बीच सुनहरी का यह अंदरूनी संघर्ष कहानी को बेहद भावुक मोड़ देता है।

स्काउट-काजी में झगड़ा, कैप्टेंसी डिबेट में मचा बवाल

नई दिल्ली। कलर्स और जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहे देश के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ रिश्तों की उलझन और कड़वाहट नए चरम पर पहुंच रही है। जिस एपिसोड का



आगाज यंग डीएसए, लव गिल और आम्रपाली दुबे के बीच की हल्की-फुल्की हंसी-मजाक से हुआ था, वही दिन ढलते-ढलते एक भयंकर सियासी और आक्रामक अखाड़े में तब्दील हो गया। कैप्टेंसी की अगली दावेदारी हासिल करने के लिए मेकर्स ने घर के भीतर एक लाइव टेलीविजन न्यूजरूम खड़ा कर दिया, जहां मर्यादा की सीमाएं लांघी गईं और दो कंटेस्टेंट्स के बीच हाथापाई तक की नौबत आ गई। डिबेट की यह चिंगारी मंच से उतरकर सीधे लिविंग एरिया में धधक उठी। काजी के मुद्दे पर बात करते-करते गेमर स्काउट ओपी और काजी तौकीर के बीच जुबानी जंग इतनी बढ़ गई कि दोनों अपना आपा खो बैठे। गुस्सा इस कदर भड़का कि दोनों एक-दूसरे पर झपटने को तैयार हो गए और मामला सीधे तौर पर हाथापाई तक पहुंच गया।



बीएफआई लंदन... में दिखाई जाएगी पाकीजा

नई दिल्ली। 18 अक्टूबर होने वाले प्रतिष्ठित 'बीएफ़आई लंदन फ़िल्म फ़ेस्टिवल' में हिंदी सिनेमा की क्लासिक फ़िल्म 'पाकीज़ा' एक नए 4केरेस्टोरेशन के साथ बड़े पर्दे पर लौटने जा रही है। सेंट्रल लंदन के बीएफ़आई आईमैक्स में होने वाली इस ख़ास स्क्रीनिंग के सभी टिकट करीब एक महीने पहले ही पूरे बिक चुके हैं। टिकटों का 'सोल्ड आउट' होना इस बात की गवाही है कि रिलीज़ के 54 साल बाद भी 'पाकीज़ा' का जादू बरक़रार है। गुज़रा वक़्त उसकी चमक को धुंधला नहीं कर पाया। निर्देशक कमाल अमरोही की इस क्लासिक फ़िल्म का संरक्षण 'फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन' ने अमरोही परिवार के सहयोग से किया है। इस नए वर्जन का वर्ल्ड प्रीमियर फ्रांस के ल्यों में 'फेस्टिवल ल्यूमिएर' में होगा, जिसके बाद इसे 'बीएफ़आई लंदन फिल्म फ़ेस्टिवल' में दिखाया जाएगा।



बड़े पर्दे पर पहली बार बाप-बेटे की भिड़ंत

मुंबई। साउथ इंडस्ट्री से नवंबर 2026 में एक अनचाहा क्लैश देखने को मिलने वाला है। सिनेमाघरों में बाप और बेटे आपस में टकराने जा रहे हैं। एक तरफ मामूटी की फिल्म ओम होगी, वहीं दूसरी तरफ दुलकर सलमान की रोमांटिक मूवी आकासम लो ओका तारा। दोनों ही फिल्में टक्कर की लग रही हैं इस वजह से इसे आने वाले समय का एक रोचक बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जा रहा है। साथ ही सिनेमा के इतिहास में ये दोनों बाप-बेटे भी बॉक्स ऑफिस पर पहली बार टकरा रहे हैं। अगर दोनों फिल्मों के बीच क्लैश की बात करें तो राजकुमार पेरियासामी की फिल्म ओम पहले 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी। लेकिन रजनीकांत की जेलर 2 की रिलीज के चलते ऐसा माना जा रहा है कि फिल्म की रिलीज डेट को पोस्टपोन किया गया है।

लौटकर आ रहा है सेनापति, कमल की इंडियन 3 का ऐलान

साउथ सिनेमा के वेटरन एक्टर के तौर पर कमल हासन को जाना जाता है। बात की जाए कमल के एक्टिंग कॅरियर की आइकॉनिक मूवीज के बारे में तो उसमें साल 1996 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म इंडियन का नाम शामिल होता है। करीब 28 साल बाद साल इंडियन का सीक्वल रिलीज किया गया। अब मेकर्स की तरफ से कमल हासन स्टारर इंडियन 3 की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। साथ ही फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर भी साझा किए गए हैं।

नई दिल्ली। करीब 6 दशकों से बतौर अभिनेता कमल हासन सिनेमा जगत में एक्टिव हैं। वैसे तो उन्होंने कई यादगार फिल्में की हैं, लेकिन इंडियन फिल्म फ्रेंचाइजी सबसे खास मानी जाती है। 90 के दशक में शुरू हुई इस सुपरहिट मूवी फ्रेंचाइजी को अब मेकर्स तीसरी किस्त तक ले जाना चाहते हैं। जिसके आधार पर गुरुवार को कमल हासन की इंडियन 3 की अनाउंसमेंट की गई है। दरअसल, 8 अक्टूबर को इंडियन 3 के प्रोडेक्शन



हाउस लाइका प्रोडक्शंस की तरफ से इस मूवी फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट इंडियन 3 का आधिकारिक ऐलान किया गया है। इंडियन 3 के अलावा कमल हासन का नाम लंबे समय से निर्देशक नाग अश्विन की अपकमिंग मूवी कल्कि 2898 एडी के सीक्वल के लेकर चर्चा में बना हुआ है। बताया जा रहा है कि अगले साल 2027 में कमल की कल्कि को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। इस मूवी में वह यास्किन का नेगेटिव रोल प्ले करते दिखेंगे।

इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी कई बेहतरीन फिल्में और सीरीज

परिणीति उठाएंगी जनता के मुद्दे, महिलाओं की सुरक्षा करेंगी कनी

नई दिल्ली। मौसम बदल रहा है। उत्तर भारत में गर्मी से राहत मिली है। अब रातें ठंडी हो रही हैं। ऐसे में लोग घर से बाहर निकल कर घूमने-फिरने जा रहे हैं। कुछ लोग अच्छा वक्त बिताने के लिए सिनेमा का रुख कर रहे हैं। कई लोग घर पर बैठ कर मौसम का आनंद लेना चाहते हैं। इन लोगों के लिए यह वीकएंड खास होने वाला है, क्योंकि इस वीकएंड ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।

रिपोर्टिंग लाइव : अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' इस वीक की ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 09 अक्तूबर को दस्तक देगी। इसमें वे पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी और अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करेंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। परिणीति के अलावा फिल्म में देवेन भोजानी, अमोल पालेकर, आदिल हुसैन और शेखर सुमन जैसे सितारे हैं।

आवारापन 2 : इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'आवारापन 2' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया गया। मगर, अब तक यह सिर्फ रेंट पर उपलब्ध थी। इसे देखने के लिए दर्शकों को जेब ढीली करनी पड़ रही थी। मगर, अब यह मासिक सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स के लिए भी 09 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगी। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

आइज: मलयालम वेब सीरीज 'आइज' 9 अक्टूबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। इसकी कहानी पुलिस अफसर टीना सेबेस्टियन (कनी कुसरुति) के आस-पास घूमती है। वह स्टॉकिंग के परेशान करने वाले मामलों की जांच करती हैं। इन मामलों को सुलझाने के लिए वह मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करती हैं, ताकि अपराधियों की सोच को समझ सकें।



मंदादि : यह तमिल भाषा की स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह 10 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सूरी और सुहास अभिनीत यह फिल्म 08 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

बिलो : *यह कनाडाई थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 08 अक्तूबर 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। जोश हार्टनेट, मैकेंजी डेविस और चार्ली हीटन अभिनीत यह सीरीज समुद्र किनारे बसे एक छोटे से शहर की कहानी पर आधारित है। शहर पर अचानक एक रहस्यमयी समुद्री जीव का आतंक शुरू हो जाता है। ऐसे में एक मछुआरा सामने आता है, जो अपने समुदाय और परिवार की सुरक्षा के लिए खतरनाक जीव से दो-दो हाथ करता है।*

टेक चार्ज ऑफ माय हार्ट : *अगर के-ड्रामा सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह सीरीज आपके लिए है। इसे 09 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी कहानी एक बड़े कारोबारी घराने के वारिस की है, जिसके शरीर में आर्टिफिशियल हार्ट लगा है। उसकी जिंदगी में एक लड़की आती है।*

एनिमल्स : *यह एक अमेरिकी क्राइम थ्रिलर फिल्म है। बेन अफ्लेक निर्देशित 'एनिमल्स' 09 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें अफ्लेक, केरी वाशिंगटन, जिलियन एंडरसन, एड्रियाना पाज और लुइस गेराडों मेंडेज हैं। यह एक राजनीतिक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो एक मेयर पद के उम्मीदवार के इर्द-गिर्द घूमती है।*

भारत ने की निंदा, कहा- नागरिक ठिकानों को निशाना बनाना अस्वीकार्य

सऊदी एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला, 3 की मौत, 36 घायल जवाब में सऊदी ने की यमन के 80 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक

एजेंसी ▶▶ रियाद/ नई दिल्ली

सऊदी अरब के दो एयरपोर्ट्स पर हूती विद्रोहियों ने ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई है। साथ ही 36 लोग घायल हुए हैं। सऊदी अरब की जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन (जीएसीए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 6 और 7 अक्टूबर को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है। वहीं, यमन में सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि उसने हूतियों के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की है।

आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 6 और 7 अक्टूबर को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है

हूतियों ने यमन में 11 मिसाइलें दागीं, 30 की मौत का दावा



सऊदी अरब के रियाद में किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला

भारत ने सऊदी के साथ खड़े होने का दिया भरोसा

भारत ने गुरुवार को सऊदी अरब के अबहा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पिछले कुछ दिनों में हुए हमलों की कड़ी निंदा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत अबहा और किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाकर किए गए हमलों की निंदा करता है। मंत्रालय के मुताबिक, इन हमलों में नागरिकों की जान गई और कई लोग घायल हुए। आम लोगों के इस्तेमाल वाले बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

विदेशी नागरिकों ने हमले में जान गंवाई

आभा एयरपोर्ट पर हमले में मोरक्को और अल्जीरिया की दो महिला नागरिकों की मौत हुई। साथ ही यहां 28 लोग घायल हुए। इनमें सऊदी, बांग्लादेशी और फिलीपींस के नागरिक शामिल हैं। वहीं, किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक सूडानी नागरिक की मौत हुई। यहां 8 लोग घायल हुए, जिनमें 5 सऊदी नागरिक, 2 मिस्र के निवासी और एक पाकिस्तानी निवासी शामिल हैं। जीएसीए ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। साथ ही अधिकारी सुविधाओं की सुरक्षा की जांच कर रहे हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं।

सऊदी ने यमन में मिसाइल ठिकाना नष्ट किया

इस बीच, यमन में सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने दावा किया कि उसने रियाद पर हमले के लिए इस्तेमाल किए गए एक बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च प्लेटफॉर्म को नष्ट कर दिया है। गठबंधन के प्रवक्ता कर्नल तुर्की अल-मालिकी ने कहा कि यह कार्रवाई यमन की राजधानी सना में की गई। उनके मुताबिक, वहां सऊदी अरब पर एक और हमले की तैयारी चल रही थी और हमला जल्द किया जा सकता था।

बाब अल-मंदेब के पास प्रमुख रास्तों पर निशाना बनाया

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने दावा किया कि पिछले 24 घंटे में संगठन ने यमन में सरकारी बलों के 11 ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए। सरी के मुताबिक, यमनी सरकार के बलों को बाब अल-मंदेब के पास प्रमुख रास्तों पर निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों में दर्जनों लोग हताहत हुए, जिनमें सैन्य कमांडर भी शामिल थे। कई गाड़ियां भी नष्ट हो गईं। हूती प्रवक्ता ने अलग से दावा किया कि संगठन ने सऊदी अरब के समर्थन वाले जायंट्स ब्रिगेड पर भी बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। उसके मुताबिक, इस हमले में 30 से ज्यादा लोग मारे गए या घायल हुए।

यमन में हूतियों के खिलाफ सैन्य अभियान जारी

यमन सरकार हूती विद्रोहियों के खिलाफ सैन्य अभियान चला रही है। इसका मकसद यमन और बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के पास कब्जाए इलाकों को वापस पाना है। 5 अक्टूबर को सऊदी समर्थित यमनी सेना ने हूतियों के खिलाफ बड़ा जवाबी अभियान शुरू किया।

जीआईसी बोला यह व्यवस्थित अपराध

खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जसीम मोहम्मद अल-बुदैवी ने भी हूती हमलों की निंदा की। उन्होंने इन्हें नागरिकों को निशाना बनाने वाले 'व्यवस्थित अपराध' बताया। नागरिक एयरपोर्ट पर हमले और यात्रियों, कर्मचारियों तथा आम लोगों की जान को खतरे में डालना तनाव को बेहद खतरनाक स्तर तक बढ़ाने वाला कदम है। हमले अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन हैं।

खबर संक्षेप

रूस का यूक्रेन पर हमला, 30 की मौत

कीव। यूक्रेन में रूसी हमलों का सिलसिला तेज होता जा रहा है। पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमलों में 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 18 लोग घायल हुए हैं। इन हमलों में एक बस को भी निशाना बनाया गया। इस बीच राजधानी कीव में बिजली का संकट और गहरा गया है। यूक्रेन में सर्दियों से पहले रूस के हमले लगातार तेज हो रहे हैं। डोनेत्स्क इलाके के सैन्य प्रशासन प्रमुख वादिम फिलाश्किन ने बताया कि क्रामाटोर्स्क और उसके पड़ोसी शहर स्लोवियांस्क में सुरक्षा हालात तेजी से बिगड़ने के कारण पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोक दिया गया है।



पुंछ में मिली लैंडमाइन सुरक्षित ढंग से नष्ट की

पुंछ। भारतीय सेना ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सब डिविजन में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास एक लैंडमाइन का पता लगाया, जिसे बाद में सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया। बालाकोट के फॉरवर्ड एरिया में रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान इस लैंडमाइन का पता चला और बाद में बम डिस्पोजल टीम ने इसे नष्ट कर दिया। घुसपैठ रोकने के सिस्टम के तहत फॉरवर्ड एरिया में कई जगहों पर लैंडमाइन बिछाई जाती हैं। कभी-कभी बारिश में ये बह जाती हैं और बाद में किसी भी अनहोनी घटना से बचने के लिए इन्हें ढूंढकर नष्ट कर दिया जाता है।



ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के नाम पर ट्रंप प्रशासन ने रखा नया प्रस्ताव

अमेरिका में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की मंजूरी के लिए देना होंगे 68 लाख रुपए

भारत-चीन के छात्रों पर सबसे ज्यादा असर



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

इस फैसले का सबसे ज्यादा असर भारत और चीन के छात्रों पर पड़ेगा। 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में भारत के करीब 3.63 लाख और चीन के करीब 2.66 लाख छात्र पढ़ रहे थे। यानी दोनों देशों के करीब 6.3 लाख छात्र अमेरिका में हैं

अमेरिका में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों के लिए पढ़ाई के बाद नौकरी करना महंगा हो सकता है। ट्रंप सरकार ने हर नए छात्र के लिए 70 हजार डॉलर यानी करीब 68 लाख फीस लगाने का प्रस्ताव रखा है। यह फीस ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) के लिए रखी गई है।

इसके तहत विदेशी छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में नौकरी करने की अनुमति मिलती है। फीस छात्र को नहीं, बल्कि उसके कॉलेज या यूनिवर्सिटी को देनी होगी। इस फैसले का सबसे ज्यादा असर भारत और चीन के छात्रों पर पड़ेगा। 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में भारत के करीब 3.63 लाख और चीन के करीब 2.66 लाख छात्र पढ़ रहे थे। यानी दोनों देशों के करीब 6.3 लाख छात्र अमेरिका में हैं। इनमें से कई छात्र पढ़ाई पूरी करने के बाद ओपीटी के जरिए अमेरिका में नौकरी करते हैं।

ओपीटी को हर बार रिन्यू कराने पर देना होंगे 29 लाख रुपए

यह शुल्क कॉलेज और यूनिवर्सिटी कंपनी को देंगे

प्रस्ताव पर लोगों और संस्थानों को राय देने के लिए 2 माह का समय

कॉलेजों और यूनिवर्सिटी पर बढ़ेगा खर्च

पढ़ाई से जुड़े काम का अनुभव लेने का अवसर पर पड़ेगा असर

ओपीटी यानी ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के तहत विदेशी छात्र अपनी पढ़ाई से जुड़े काम का अनुभव ले सकते हैं। आमतौर पर पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें एक साल तक नौकरी करने की अनुमति मिलती है। स्टेम के छात्रों को दो साल और काम करने की अनुमति मिल सकती है। प्रस्ताव के मुताबिक, किसी छात्र के ओपीटी के लिए पहली बार आवेदन करने पर उसके कॉलेज या यूनिवर्सिटी को 70 हजार डॉलर यानी करीब 68 लाख देने होंगे। अगर छात्र ओपीटी को आगे बढ़ाता है तो हर बार रिन्यू कराने पर 30 हजार डॉलर यानी करीब 29 लाख फीस देनी होगी। यह पैसा सीधे छात्र से नहीं लिया जाएगा। लेकिन इतनी बड़ी फीस के कारण कॉलेजों और यूनिवर्सिटी पर विदेशी छात्रों को ओपीटी की सुविधा देने का खर्च काफी बढ़ जाएगा।

एनएएफएसए ने किया प्रस्ताव का विरोध

अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों से जुड़े संगठन एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल एजुकेटर्स (पूर्व नाम नेशनल एसोसिएशन ऑफ फॉरेन स्टूडेंट एडवाइजर्स-एनएएफएसए) ने प्रस्ताव का विरोध किया है। संगठन का कहना है कि विदेशी छात्रों को अमेरिका से दूर करने से देश के इनोवेशन और आर्थिक विकास को नुकसान हो सकता है। ओपीटी के जरिए विदेशी छात्रों को अमेरिका में काम का अनुभव मिलता है। टेक कंपनियां और दूसरी कंपनियां ऐसे छात्रों को खासकर स्टेम से जुड़े कामों में नौकरी देती हैं।

धोखाधड़ी रोकने उठाया कदम

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) का कहना है कि ओपीटी कार्यक्रम में धोखाधड़ी और गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। विभाग ने आरोप लगाया कि इस कार्यक्रम का इस्तेमाल सस्ते विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लाने के लिए किया जा रहा है। अभी यह सिर्फ प्रस्ताव है। इस पर लोगों और संस्थानों को अपनी राय देने के लिए 60 दिन का समय मिलेगा। इसके बाद सरकार इसे अंतिम रूप दे सकती है।

मोदी-ट्रंप रिश्तों की तारीफ

व्हाइट हाउस ने भारत को बताया अमेरिका का सबसे मजबूत सहयोगी

अमेरिका ने भारत को अपने सबसे मजबूत सहयोगियों में शामिल करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यक्तिगत संबंधों को दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण बताया है। व्हाइट हाउस का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पीएम नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जनसेवा के 25 वर्ष पूरे किए हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बुधवार को कहा कि भारत अमेरिका के सबसे मजबूत सहयोगियों में से एक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह प्रतिक्रिया पीएम नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने और राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनके संबंधों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में सामने आई। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार और कुछ नीतिगत मुद्दों पर मतभेदों के बावजूद दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए संवाद बनाए हुए हैं।



एना केली, प्रवक्ता

एलन मस्क को सरकार की दो टूक

दूरसंचार सेवाओं में निष्पक्ष व भेदभावरहित मंजूरी व्यवस्था लागू

मस्क का आरोप- स्टारलिंक को 'कुछ बड़े कारोबारी समूहों' द्वारा रोका जा रहा



एलन मस्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अरबपति एलन मस्क के उस सोशल मीडिया पोस्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि भारत में सैटेलाइट संचार सेवाओं के लिए नियामकीय ढांचे को 'भेदभावपूर्ण तरीके' से लागू किया जा रहा है।

संचार मंत्रालय ने स्पेसएक्स के संस्थापक और सीईओ एलन मस्क के इस दावे को 'बेबुनियाद और गलत धारणा पर आधारित' बताया कि भारत में स्टारलिंक को 'कुछ बड़े कारोबारी समूहों' द्वारा रोका जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने सैटेलाइट संचार सेवाओं समेत सभी दूरसंचार सेवाओं के लिए निष्पक्ष और भेदभावरहित मंजूरी व्यवस्था लागू की है।

सुरक्षा आकलन की प्रक्रिया जारी

मंत्रालय के अनुसार, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपलब्ध कराई जा रही सेवाएं उपयोगकर्ताओं और उनके डेटा की सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करें। तीनों लाइसेंसधारियों के मामले में सुरक्षा आकलन की प्रक्रिया फिलहाल जारी है। सरकार ने स्पष्ट किया कि किसी लाइसेंसधारी का सुरक्षा आकलन पूरा होने के बाद वह स्पेक्ट्रम आवंटन के अगले चरण के लिए आवेदन कर सकता है।

बांग्लादेश में स्टारलिंक मोबाइल सेवा शुरू

एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक ने बांग्लादेश में अपनी मोबाइल सर्विस शुरू कर दी है। बांग्लादेश में स्टारलिंक मोबाइल को स्थानीय टेलीकॉम कंपनी बांग्लालिंक के साथ मिलकर लॉन्च किया गया है। इस सर्विस के लिए अलग सैटेलाइट डिश की जरूरत नहीं होगी। 4जी फोन सीधे स्टारलिंक के सैटेलाइट से जुड़कर मोबाइल टावर की पहुंच से बाहर भी कनेक्टेड रह सकेंगे। कंपनी का कहना है कि इससे लाखों यूजर्स ऐसे इलाकों में भी मैसेज भेज सकेंगे और लोकेशन शेयर कर सकेंगे।

पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत ने गिनाई उपलब्धियां

लक्ष्य से पांच साल पहले हासिल की 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोत क्षमता

एजेंसी ▶▶ मनीला

केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने गुरुवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) की ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और सुरक्षित, सशक्त, किफायती तथा टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के निर्माण के प्रति भारत की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि भारत ने अपने 2030 के राष्ट्रीय स्तर



श्रीपद येसो नाइक संबोधित करते हुए

पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के लक्ष्य से पांच साल पहले ही जून 2025 में गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से संचयी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50% हासिल कर लिया था। उन्होंने इसे स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण की दिशा में देश की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

आसियान के साथ ऊर्जा साझेदारी

नाइक ने भारत की एक्ट ईस्ट नीति और आसियान के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख करते हुए ऊर्जा सहयोग के लिए आसियान कार्य योजना 2026-2030 का स्वागत किया। उन्होंने आसियान पावर ग्रिड, क्षेत्रीय विद्युत पारेषण, बहुपक्षीय बिजली व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने 400 पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के माध्यम से आसियान पावर ग्रिड पहल को समर्थन देने की घोषणा की थी।

आईसीजी का सारेक्स-2026 आयोजन

30 देशों के साथ समुद्री बचाव अभियान और क्षमता का प्रदर्शन



अभ्यास करते भारतीय तटरक्षक बल

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भारतीय तटरक्षक बल ने गुरुवार को ओडिशा के पारादीप के पास राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड (एनएमएसएआरबी) की देखरेख में 12वें राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव अभ्यास (सारेक्स-2026) का आयोजन किया। 'खोज एवं बचाव तैयारियों तथा समुद्री सुरक्षा को विस्तृत करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग' विषय पर आयोजित इस अभ्यास में समुद्री और हवाई एजेंसियों ने भाग लिया।

इसका उद्देश्य समुद्र में बड़े पैमाने पर बचाव अभियानों के लिए परिचालन तैयारियों, आपसी समन्वय और संयुक्त कार्रवाई क्षमता का प्रदर्शन करना था। इस अभ्यास का अवलोकन भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने किया।

शिंजो आबे की पत्नी से पीएम मोदी की मुलाकात



शिजों प्रिय मित्र और दूरदर्शी नेता थे : मोदी

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मुलाकात की और उनके साथ अपने संबंधों को लेकर बात कही। उन्होंने कहा कि अकी आबे का भारत के साथ जुड़ाव लगातार बना हुआ है। पीएम मोदी ने शिंजो आबे को अपना प्रिय मित्र और दूरदर्शी नेता बताया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें अकी आबे से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने शिंजो आबे को याद करते हुए कहा कि वह भारत के प्रिय मित्र थे और उन्होंने भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीएम मोदी ने शिंजो आबे को एक दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के संबंधों को मजबूत करने में आबे की भूमिका निर्णायक रही। उनके अनुसार, आबे ने दोनों देशों के बीच रिश्तों को एक नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पीएम मोदी ने अपने संदेश में शिंजो आबे के साथ अपनी मित्रता को भी याद किया और उनके योगदान को भारत-जापान दोस्ती से जोड़कर देखा।

सीआईआई पार्टनरशिप समिट में गोयल बोले

एफटीए में अपने हितों का रखा ध्यान, निर्यात के अवसर खोले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यहां 31वें सीआईआई पार्टनरशिप समिट के पूर्वावलोकन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत द्वारा किए गए प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और अन्य समझौते संवेदनशील क्षेत्रों, विशेष रूप से भारतीय कृषि, मत्स्य पालन और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की रक्षा करते हैं। साथ ही कृषि उत्पादों, मत्स्य पालन और समुद्री उत्पादों, उच्च परिशुद्धता वाली वस्तुओं, इंजीनियरिंग उत्पादों



पीयूष गोयल और सीएम नायडू

और एमएसएमई द्वारा निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात के अवसर खोलते हैं।

ये समझौते देशों और कंपनियों के लिए भारत में निवेश करने और विश्व के सबसे बड़े बाजार के विकास में भाग लेने के अवसर भी खोलते हैं।

बड़ी बिल्ली प्रजाति के 7 वन्यजीवों और उनके आवास के संरक्षण से जुड़ा घाना

भारत के नेतृत्व वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' में हुआ शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घाना ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को भारत के नेतृत्व वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' (आईबीसीएम) में शामिल होने के लिए 'स्वीकृति पत्र' प्रदान किया है और इसी के साथ यह पश्चिम अफ्रीकी देश इस गठबंधन का औपचारिक रूप से सदस्य बन गया है। जयशंकर तीन अफ्रीकी देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में मंगलवार को घाना पहुंचे थे। इस यात्रा में कोट डी आइवर और इथियोपिया भी शामिल हैं। घाना के विदेश मंत्री सैमुअल ओकुदजेटो

■ घाना ने भारत को सौंपा स्वीकृति पत्र



जयशंकर और सैमुअल अबलाकवा

अबलाकवा ने बुधवार को द्विपक्षीय बातचीत के दौरान जयशंकर को यह स्वीकृति पत्र सौंपा। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें घाना के विदेश मंत्री से 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' में शामिल होने का स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है।

एक अंतरसरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है आईबीसीए

आईबीसीए संधि पर आधारित एक अंतरसरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा समेत बड़ी बिल्ली प्रजाति के सात वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण पर केंद्रित है। भारत ने 9 अप्रैल, 2023 को 'प्रोजेक्ट टाइगर' की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में इस गठबंधन की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य बिग कैट प्रजाति के वन्यजीवों के संरक्षण के लिए विभिन्न देशों और अन्य संबंधित पक्षों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना तथा संरक्षण के तरीकों, विशेषज्ञता और तकनीकी जानकारी के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना है।

कोटे डी आइवर में जयशंकर बोले

अफ्रीका के साथ विकास साझेदारी हमेशा महत्वपूर्ण रही

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि अफ्रीका के साथ भारत के जुड़ाव में विकास साझेदारी हमेशा से अहम रही है और भारत की सहयोग नीति अपने अफ्रीकी साझेदार देशों की जरूरतों और प्राथमिकताओं पर आधारित रही है। कोटे डी आइवर में भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के पूर्व प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के साथ ही साझेदार देशों से भी सीखता है। भारत का प्रयास रहा है कि उसके सहयोग से अफ्रीकी साझेदारों की वास्तविक जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा किया जा सके।



क्षमता निर्माण में आईटीईसी की अहम भूमिका

विदेश मंत्री ने कहा कि आईटीईसी के जरिए भारत विकास, सुरक्षा और शासन से जुड़े अपने अनुभव तथा बेहतर कामकाजी तरीकों को साझेदार देशों के साथ साझा करता है। इसके साथ ही तकनीक और विशेषज्ञता के क्षेत्रों में भी सहयोग को बढ़ावा दिया जाता है। आईटीईसी केवल भारत के अनुभव दूसरे देशों तक पहुंचाने का माध्यम नहीं है। भारत भी साझेदार देशों से आने वाले प्रतिभागियों के अनुभवों से सीखता है।